D 93884 (Pages : 2) Name.....................................

Reg. No.....................................

FIRST SEMESTER (CBCSS—UG) DEGREE EXAMINATION
NOVEMBER 2020

Hindi

HIN 1A 07(01)—PROSE AND DRAMA

(2019 Admissions)

Time : Two Hours and a Half Maximum : 80 Marks

Section A

Answer atleast **ten** *questions.*
Each question carries 3 *marks.*
All questions can be attended Overall Ceiling 30.

1. 'बापू, यहाँ न तो इज्जत है, ना रोटी, चमारों की नज़र में भी हम सिर्फ बल्हार है' ।—यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका रचनाकार कौन है ?

2. 'नाखून क्यों बढते हैं' ? निबंध का लेखक कौन है ? लेखक के अनुसार नाखून किसका प्रतीक है ?

3. 'उसका मुख इतना छोटा सा था कि उसमें शीशी का निपल समाता ही नहीं था' । प्रस्तुत प्रसंग में किसके मुख का वर्णन किया गया है ? यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ?

4. साधु के अनुसार सदाचार का तावीज़ की क्या विशेषता है ?

5. 'नाखून क्यों बढते हैं' ? निबंध के लेखक के अनुसार मनुष्य और पशु में मुख्य अंतर क्या है ?

6. राजन के दिल्ली चले जाने पर 'हरी बिन्दी' की नायिका क्यों खुशी का अनुभव करती है ?

7. सुरजा किस रचना का पात्र है ? उसकी बेटी का क्या नाम है ?

8. 'हुजूर, वह हमें नहीं दिखेगा । सुना है, वह बहुत बारीक होता है' । यहाँ प्रस्तुत बारीक चीज़ क्या है ? वक्ता क्यों उसे देख नहीं पाता ?

9. 'बेकार यहाँ मकान पर पैसा लगा रहे हो । संतो हमारे संग रहेगी । बापू को समझाओ' ।—यह प्रसंग किस रचना का है ? इस रचना का रचनाकार कौन है ?

10. 'उसे छोटे बच्चे अधिक प्रिय थे, क्योंकि उनके साथ खेलने का अधिक अवकाश रहता था'—यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ? किसको छोटे बच्चे अधिक प्रिय थे ?

Turn over

Scanned with CamScanner

11. 'सकुबाई' नाटक का रचनाकार कौन है ? सकुबाई के पति का क्या नाम है ?

12. साइली कौन है ? साइली को 'साइली' नाम क्यों रखा गया ?

13. 'हाँ, तुम्हारे बाबा को एड्स हुआ है । अभी तुम दोनों को बहुत ध्यान रखना पडेगा' ।—ये वाक्य किस रचता से उद्धृत है ? किसके बाबा को एड्स हुआ है ?

14. सकुबाई की माँ छोटे मामा द्वारा हुए सकूबाई के बलात्कार की बात क्यों छुपाकर रखना चाहती है ?

15. सकुबाई की माँ ने अपनी चाँदी की पायल क्यों बेची थी ?

(10 × 3 = 30 marks)

Section B

Answer atleast **five** *questions.*
Each question carries 6 *marks.*
All questions can be attended Overall Ceiling 30.

16. 'सदाचार का तावीज़' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

17. 'शवयात्रा' कहानी के कल्लू का परिचय दीजिए ।

18. पठित रेखाचित्र के आधार पर जीव-जंतुओं के प्रति महादेवी की गहरी आत्मीयता का उल्लेख कीजिए ।

19. 'नाखून क्यों बढते हैं' ? के द्वारा लेखक समाज को कौन-सा संदेश देना चाहता है ?

20. 'सकुबाई' नाटक के उद्देश्य की विवेचना कीजिए ।

21. 'हरी बिन्दी' की नायिका की मानसिकता की समीक्षा कीजिए ।

22. सकुबाई को अपने जीवन में कौन-कौन सी कठिनाइयों का सामना करना पडता है ?

23. 'शवयात्रा' में कहानीकार ने दलितों के आंतरिक भेदभाव का कैसा चित्रण प्रस्तुत किया है ?

(5 × 6 = 30 marks)

Section C

Answer any **two** *questions.*
Each question carries 10 *marks.*

24. 'सकुबाई हमें अपने घरों में काम करनेवालों के जीवन में झांकने का मौका देती है' ।—इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

25. 'नाखून क्यों बढते हैं' ? निबंध में अभिव्यक्त विचारों का उल्लेख कीजिए ।

26. 'शवयात्रा' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

27. नारी विमर्श के परिप्रेक्ष्य में 'हरी बिन्दी' कहानी की विवेचना कीजिए ।

(2 × 10 = 20 marks)

Scanned with CamScanner